-107-

संख्याः 2473 / छिहत्तर-1-2020-30सम / 2020

प्रेषक,

राजेश कुमार पाण्डेय,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा मे,

1. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
2. प्रमुख अभियन्ता एवं विभागाध्यक्ष, लघु सिंचाई विभाग, लखनऊ।

नमामि गगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति अनुभाग-1 लखनऊः दिनॉक 15 दिसम्बर, 2020

**विषयः- जल जीवन मिशन के अन्तर्गत बुन्देलखण्ड क्षेत्र के जनपद-ललितपुर एवं महोबा तथा विन्ध्य क्षेत्र के जनपद मिर्जापुर एवं सोनभद्र की विभिन्न सतही स्रोत आधारित ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं के कियान्वयन के लिए जल शोधन संयंत्र हेतु सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग की भूमि नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग को निःशुल्क उपलब्ध कराया जाना।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-444 / ई-46 / 2020-21, 24 जुलाई, 2020 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2- जल जीवन मिशन के अन्तर्गत राज्य सरकार द्वारा समस्त ग्रामीण आबादी को पाइप पेयजल के माध्यम से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराये जाने की कार्यवाही मिशन मोड पर की जा रही है। उक्त के अन्तर्गत प्रदेश के विन्ध्य / बुन्देलखण्ड क्षेत्र के समस्त 09 जनपदों में भूगर्भ / सतही स्रोत आधारित पाइप पेयजल योजनाओ का कियान्वयन किया जा रहा है। इसी कम मे विन्ध्य क्षेत्र के जनपद मीरजापुर एवं सोनभद्र तथा बुन्देलखण्ड क्षेत्र के जनपद-ललितपुर एवं महोबा की विभिन्न सतही स्रोत आधारित ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं के कियान्वयन हेतु जल शोधन संयंत्र की स्थापना के लिए सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग की भूमि निःशुल्क प्राप्त की जानी है।

3- उक्त के कम में जनपद ललितपुर की सोजना गुर्रा ग्राम समूह पाइप पेयजल योजना, जिसकी व्यय वित्त समिति द्वारा अनुमोदित लागत रू 92.81 करोड़ है, के अन्तर्गत कुल 31 ग्रामों को पेयजल उपलब्ध कराये जाने हेतु जमरार बांध से कच्चा जल लिया जाना है। जनपद ललितपुर की मसौरा रिन्दवाहा ग्राम समूह पाइप पेयजल योजना, जिसकी व्यय वित्त समिति द्वारा अनुमोदित लागत रू 147.93 करोड़ है, के अन्तर्गत कुल 46 ग्रामों को पेयजल उपलब्ध कराये जाने हेतु सजनम बांध से कच्चा जल लिया जाना है। जनपद ललितपुर की गोना नरहट ग्राम समूह पाइप पेयजल योजना, जिसकी व्यय वित्त समिति द्वारा अनुमोदित लागत रू 119.84 करोड़ है, के अन्तर्गत कुल 54 ग्रामों को पेयजल उपलब्ध कराये जाने हेतु जामुनी बांध से कच्चा जल लिया जाना है। जनपद ललितपुर की मऊ ग्राम समूह पाइप पेयजल योजना, जिसकी व्यय वित्त समिति द्वारा अनुमोदित लागत रू 45.43 करोड़ है, के अन्तर्गत कुल 16 ग्रामों को पेयजल उपलब्ध कराये जाने हेतु माताटीला बांध से कच्चा जल लिया जाना है। जनपद महोबा की धवर्रा सिजवाहा ग्राम समूह पाइप पेयजल योजना, जिसकी व्यय वित्त समिति द्वारा अनुमोदित लागत रू 347.31 करोड़ है, के अन्तर्गत कुल 101 ग्रामों को पेयजल उपलब्ध कराये जाने हेतु उर्मिल बांध से कच्चा जल लिया जाना है। जनपद मिर्जापुर की मानिकपुर ग्राम समूह पाइप पेयजल योजना, जिसकी व्यय वित्त समिति द्वारा अनुमोदित लागत रू 60.62 करोड़ है, के अन्तर्गत कुल 63 ग्रामों को पेयजल उपलब्ध कराये जाने हेतु अहरौरा बांध से कच्चा जल लिया जाना है। जनपद सोनभद्र की अमावर ग्राम समूह पाइप पेयजल योजना, जिसकी व्यय वित्त समिति द्वारा अनुमोदित लागत रू 171.11 करोड़ है, के अन्तर्गत कुल 65 ग्रामों को पेयजल उपलब्ध कराये जाने हेतु कनहर बांध से कच्चा जल लिया जाना

है। जनपद सोनभद्र की बेलाही ग्राम समूह पाइप पेयजल योजना, जिसकी व्यय वित्त समिति द्वारा अनुमोदित लागत रू 181.62 करोड़ है, के अन्तर्गत कुल 233 ग्रामों को पेयजल उपलब्ध कराये जाने हेतु धधरौल बांध से कच्चा जल लिया जाना है।

4– उल्लेखनीय है कि सिचाई विभाग की निष्प्रयोज्य भूमि के निस्तारण हेतु सिंचाई विभाग के शासनादेश संख्या– 2050/05–27सिं–3–एल/2005 दिनांक 03 अक्टूबर, 2005 द्वारा मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन की अध्यक्षता में गठित समिति की दिनांक 12 नवम्बर, 2020 को सम्पन्न बैठक विषयक कार्यवृत्त, जो कि सिंचाई एवं जल संसाधन अनुभाग–3 के पत्र सख्या–1223/बीस–27–सिं–3–45एल/20 दिनांक 20 नवम्बर, 2020 द्वारा निर्गत किया गया है, मे जनपद ललितपुर, महोबा, मिर्जापुर एवं सोनभद्र की विभिन्न सतही स्रोत आधारित ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं को कियान्वित किये जाने हेतु जल शोधन संयंत्र के लिए सिंचाई विभाग की भूमि को निःशुल्क नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग को उपलब्ध कराने हेतु की गई संस्तुति करते हुए अन्तिम निर्णय हेतु मा0 मंत्रिपरिषद के साथ प्रस्तुत किए जाने की भी सस्तुति की गई।

5– इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रश्नगत प्रकरण में सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग द्वारा उक्त भूमियो को नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के पक्ष में निःशुल्क दिये जाने की सहमति के उपरान्त यथाव्यवस्था सक्षम स्तर से अनुमोदन प्राप्त कर लिया गया है। अतः जनपद–ललितपुर, महोबा, मीरजापुर एवं सोनभद्र की कुल 08 सतही स्रोत आधारित पाइप पेयजल परियोजनाओं के कियान्वयन के लिए जल शोधन संयंत्र की स्थापना हेतु सिचाई एवं जल संसाधन विभाग की निम्नलिखित भूमि को नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग द्वारा निःशुल्क लिये जाने की सम्यक विचारोपरान्त एतद्द्वारा स्वीकृति प्रदान की जाती है :–

| क्र0 संख्या | जनपद | संगठन का नाम | योजना का नाम | स्थल/बांध का नाम | भूमि की गाटा संख्या एवं रकबा | भूमि का विवरण (हेक्टेयर में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ललितपुर | बेतवा | सोजना गुर्ग ग्राम समूह पाइप पेयजल योजना | टिकरी/ जमरार बॉध | गाटा सं0 394<br>रकबा 1.665 हेक्टेयर,<br>गाटा सं0 395<br>रकबा 0.146 हेक्टेयर,<br>गाटा सं0 396<br>रकबा 0.100 हेक्टेयर | 1.0 हेक्टेयर |
| 2 | ललितपुर | बेतवा | मसोरा सिंधवाहा ग्राम समूह पाइप पेयजल योजना | सिंधवाहा/ सजनम बॉध | गाटा सं0 392<br>रकबा 2.148 हेक्टेयर | 1.0 हेक्टेयर |
| 3 | ललितपुर | बेतवा | गोनानरहट ग्राम समूह पाइप पेयजल योजना | गुरयाना (देवरी)/ जामिनी बॉध | गाटा सं0 212<br>रकबा 6.665 हेक्टेयर | 1.0 हेक्टेयर |
| 4 | ललितपुर | बेतवा | मऊ ग्राम समूह पाइप पेयजल योजना | गूगर/माताटीला बॉध | गाटा सं0 277<br>रकबा 2.214 हेक्टेयर | 1.0 हेक्टेयर |
| 5 | महोबा | बेतवा | धवर्रा–सिजवाहा ग्राम समूह पाइप पेयजल योजना | फुटेरा/ उर्मिल बांध | गाटा संख्या–62 रकबा 1.352 हेक्टेयर, गाटा संख्या 71 रकबा 0. 215 हेक्टेयर, गाटा संख्या–72 रकबा 0.247 हेक्टेयर | 1.80 हेक्टेयर |
| 6 | मिर्जापुर | सोन | मानिकपुर ग्राम समूह पाइप पेयजल योजना | मानिकपुर/ अहरौरा बाध | गाटा संख्या–21/2 रकबा 57.586 हेक्टेयर | 1.0 हेक्टेयर |
| 7 | सोनभद्र | कनहर | अमावर ग्राम समूह पाइप पेयजल योजना | अमावर/ कनहर बांध | गाटा संख्या–541 रकबा 8.1 हेक्टेयर | 2.6 हेक्टेयर |
| 8 | सोनभद्र | सोन | बेलाही ग्राम समूह पाइप पेयजल योजना | केरमांव, बेलाही / धधरौल बांध | प्लाट संख्या–01 गाटा संख्या–242, 243 रकबा 1.394 हेक्टेयर, प्लाट संख्या–02 गाटा संख्या–240, 241, 244 रकबा 1.80 हेक्टेयर, गाटा संख्या–245 रकबा 0.18 हेक्टेयर | 3.324 हेक्टेयर |

D:\W\U ... 2020.docx

ओम

6— अतः अनुरोध है कि सन्दर्भित मामले में कृपया उपरोक्त परियोजनाओं के कियान्वयन के सम्बन्ध में भूमि हस्तान्तरण की समस्त अपेक्षित अग्रेतर कार्यवाहियाँ समयबद्धरूप से शीर्ष प्राथमिकता पर सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(राजेश कुमार पाण्डेय)
विशेष सचिव

संख्या— 2473 (1)/छिहत्तर—1—2020—30सम/2020 तद्दिनांक

उपर्युक्त की प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः—

1. निजी सचिव, मा0 जल शक्ति मंत्री जी, उत्तर प्रदेश।
2. प्रमुख सचिव, मा0 मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश शासन।
3. निजी सचिव, मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन।
4. निजी सचिव, कृषि उत्पादन आयुक्त, उत्तर प्रदेश शासन।
5. अपर मुख्य सचिव, सिचाई एव जल ससाधन अनुभाग—3 को उनके पत्र संख्या—1223/बीस—27—सि—3—45एल/ 2020, दिनांक 20 नवम्बर, 2020 के प्रस्तर—3 में की गई संस्तुति के कम मे अग्रेतर कार्यवाही हेतु प्रेषित।
6. निजी सचिव, प्रमुख सचिव, नमामिं गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
7. अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, न्याय, वित्त/नियोजन एवं राजस्व विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
8. विशेष सचिव, गोपन अनुभाग—1 के अशासकीय पत्र संख्या—4/2/20/2020—सी0एक्स0 (1) दिनांक 12 दिसम्बर, 2020 के कम में सूचनार्थ।
9. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(डा0 अम्बरीष कुमार सिंह)
अनु सचिव।